All communication should be addressed to the Secretary to the Government of India, Ministry of MSME, by title, Not by name.

फा. सं. ई-11011/02/2013-हिंदी
भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय,
उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011
**GOVERNMENT OF INDIA**

**MINISTRY OF**
**MICRO SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES**
**UDYOG BHAWAN, NEW DELHI-110011**
दिनांकः 10.09.2013

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः हिन्दी दिवस 2013 का आयोजन।**

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस, 2013 के उपलक्ष्य में मंत्रालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न सभी कार्यालय/निगम/बोर्ड/आयोग/संस्थान आदि अपनी सुविधानुसार हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा/माह मनाए जिसके अंतर्गत निम्नलिखित बिन्दुओं को शामिल किया जाएः-

1. कार्यालय में हिंदी में विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का आयोजन करना।
2. सभी अधिकारियों/कर्मचारियों में सरकारी काम हिंदी में करने की प्रवृत्ति विकसित करना।
3. उच्चाधिकारी अपना दैनिक कार्य स्वयं हिंदी में करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करना।
4. कंप्यूटरों तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग अधिकाधिक रूप से हिंदी में करना।
5. शीर्षस्थ/उच्च स्तरीय बैठकों में अधिकाधिक चर्चा आदि हिंदी में करना।
6. हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन करना।
7. अन्य सृजनात्मक कार्य करना।

2. अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सभी संबद्ध कार्यालय/निगम/बोर्ड/आयोग/संस्थान आदि कार्यक्रम तैयार करें और उन्हें कार्यान्वित करें तथा अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों आदि को भी इस संबंध में आवश्यक निदेश जारी करें।

3. सूलमउ मंत्रालय में दिनांक 13.09.2013 से 12.10.2013 तक हिंदी माह मनाया जाएगा।

10/9/2013
(श्रवण कुमार)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)

सेवा में

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सभी संबद्ध कार्यालय/निगम/बोर्ड/आयोग/संस्थान आदि।